प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 25.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्य केबिनेट की बैठक होगी। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अजमेर दौरे की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की जायेगी। इसके साथ ही ऊर्जा संयत्रों के भूमि आंवटन से जुडे प्रस्ताव, उद्योगों को रियायत देने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार विमर्श की संभावना है। पंचायत निकाय चुनावों से जुडे कुछ अहम फैसले भी बैठक में किये जा सकते है। इसके साथ ही विधानसभा में पेश होने वाले नये विधेयकों पर भी चर्चा संभव है। ये बैठक मुख्यमंत्री कार्यालय की जगह विधानसभा सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में होगी।

0000

राज्य विधानसभा की कार्यवाही आज प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा के विभागों से जुडे कई सवालों पर चर्चा हुई जिनमें मुख्य रूप से उद्योग और वन विभाग से संबंधी प्रश्न पूछे गये। वहीं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने विधानसभा में बताया कि वर्तमान में प्रदेश में बिजली की कोई समस्या नहीं है। विधायक सुशील मोदी के नीम का थाना में ट्रांसफार्मर बदलने में हो रही देरी और बिजली कटौती के मुद्दे पर ऊर्जा मंत्री ने बताया कि बड़े ट्रांसफार्मरों को बदलने में समय लगता है। 72 घंटे का नियम सिर्फ छोटे ट्रांसफार्मरों के लिए है। क्षेत्र में बिजली आपूर्ति अब सामान्य कर दी गई है।

.....

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह इस्राइल की यात्रा पर रवाना हुए। यह उनकी दूसरी इस्राइल यात्रा है। रवाना होने से पहले एक वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह यात्रा रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी। इसके साथ ही दोनों देशों के लिए लचीले और समृद्ध भविष्य की साझा दृष्टि को आगे बढ़ाएगी। श्री मोदी इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू के साथ दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा और सुरक्षा, कृषि, जल प्रबंधन, व्यापार और अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर बातचीत होगी। प्रधानमंत्री आज इस्राइल की संसद को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस्राइली संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय राजनेता होंगे। श्री मोदी कल इस्राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग से मुलाकात करेंगे।

0000

राज्य के पश्चिमी हिस्से से सर्दी की विदाई हो चुकी है और प्रदेश में गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश में अधिकतर जिलों में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा जा रहा है। बाडमेर में पारा 36 डिग्री सेल्सियस के पार पंहुच गया। जयपुर, अलवर और उदयपुर सहित कुछ जिलों में कल बादल छाए रहे, किन्तु गर्मी का असर बरकरार रहा। प्रदेश में अब सुबह–शाम की सर्दी भी लगभग खत्म हो गई है। ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान इन दिनों सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार मार्च के पहले सप्ताह में गर्मी और तेज होने की संभावना है।

0000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कल दो अलग–अलग जिलों में ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी ने सवाईमाधोपुर में उपखण्ड विकास अधिकारी को एक लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी ने बीपीएम कर्मियों के बिल पास करने की एवज में ये राशि मांगी थी। वहीं अलवर में एसीबी की टीम ने बानसूर के पटवारी को 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। उसने परिवादी से ज़मीन का इंतकाल खोलने की एवज में ये राशि मांगी थी।

0000

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक में **भारत रणभूमि दर्शन – डी 2 डी अभियान** के समापन समारोह में शामिल हुए। तीन फरवरी को द्वारका से शुरू हुई तीन हजार 400 किलोमीटर की 22 दिवसीय इस यात्रा का नेतृत्व भारतीय सेना, नौसेना और सीमा सुरक्षा बल ने किया। इसमें राष्ट्र की समृद्ध सैन्य विरासत को दर्शाने के साथ ही गुजरात और राजस्थान के युद्ध नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

0000